Increase in age limit for entry into Government Service in Orissa

2450. SHRI ARJUN SETHI: Will the PRIME MINISTER be pleased to state:

(a) whether Government of Orissa has taken a decision recently to increase the age limit from 25 to 28 years for entry into State services; and

(b) if so, the reaction of the Central Government thereto?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HOME AFFAIRS AND IN THE DEPARTMENT OF PERSONNEL (SHRI RAM NIWAS MIRDHA): (a) and (b). The information is being collected and will be laid on the table of the House as early as possible.

फिल्म प्रशिक्षण और अभिनय प्रशिक्षण स्कूलों जैसी संस्थाओं को बन्द करने का प्रस्ताव

2451. श्री धनशाह प्रधान : क्या सूचना और प्रसारण मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को ज्ञात है कि बम्बई तथा अन्य बड़े नगरों मे फिल्म प्रशिक्षण और अभिनय प्रशिक्षण स्कूलों जैसी अनेक संस्थाएं है जहां लडके लडकियों का शोषण होता है।

(ख) क्या युवकों तथा युवतियों का अनैतिक कार्यों में प्रयोग किये जाने के मामले सरकार के ध्यान में आये हैं ; और

(ग) यदि हां, तो सरकार इस प्रकार के स्कूलों को कानूनन बन्द करने के लिए क्या कार्यवाही कर रही है ?

सूचना और प्रसारण मन्त्रालय में उप-मन्त्री (श्री धर्मवीर सिंह): (क) और (ख) जब कि यह ठीक है कि फिल्म प्रशिक्षण के लिए कुछ गैर-सरकारी संस्थान स्थापित किए हुए हैं, किन्तु ऐसे संस्थानों द्वारा जवान लड़कों और लड़कियों का शोषण किए जाने की कोई घटना हमारे ध्यान में नही आई है।

(ग) प्रश्न नही उठता।

अहमदाबाद में साम्प्रदायिक दंगे

2452. श्री धनशाह प्रधान :
श्री पी० एम० रेड्डी :

क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या जुलाई, 1973 में अहमदाबाद मे साम्प्रदायिक दगे हुए थे ;

(ख) साम्प्रदायिक दगों के परिणामस्वरूप जान व माल की कितनी हानि हुई ;

(ग) क्या सरकार ने इस बारे में जाच कराई है ; और

(घ) यदि हां, तो उस जांच के क्या परिणाम निकले और भविष्य में ऐसी घटनाए न हों, इसके लिये सरकार ने क्या कदम उठाये है ?

गृह मंत्रालय तथा कार्मिक विभाग में राज्य मंत्री : (श्री राम निवास मिर्धा) :(क) से (घ). गुजरात सरकार मे प्राप्त सूचना के अनुसार 14 जुलाई, 1973 को अहमदाबाद मे आयोजित बन्द असफल रहा था और रात्रि को सुरक्षा प्रबन्धों मे कुछ ढील कर दी गई थी। बहुत रात को गड़बड तब हुई जब कुछ समाज विरोधी तत्व लूट और आगजनी में अन्तर्ग्रस्त हो गये। हिसा की कुछ छुटपुट घटनाएं 15 और 16 जुलाई को भी हुई स्थिति से निपटने के लिए स्थानीय प्राधिकारियों द्वारा, गोली चलाने तथा कर्फ्यू लगाने समेत तुरन्त कार्यवाही की गई थी। मुख्य मंत्री द्वारा 15 जुलाई को प्रात: नगर शान्ति समिति की

बैठक भी बुलाई गई । दंगों के दौरान घायल होने के परिणामस्वरूप एक व्यक्ति मारा गया और दो व्यक्ति पुलिस की गोली चलाने के परिणामस्वरूप मारे गये । सम्पत्ति को हुई हानि के संबंध में ब्यौरा मालूम किया जा रहा है ।

Survey of Industrial Societies in Orissa

2454 SHRI CHINTAMANI PANIGRAHI Will the Minister of INDUSTRIAL DEVELOPMENT AND SCIENCE AND TECHNOLOGY be pleased to state

(a) whether the survey to identify the viable, the potentially viable, and non-viable industrial societies was carried on in Orissa along with other States,

(b) if so, the result of the survey, and

(c) if not, the reasons why the survey was not conducted in Orissa?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF INDUSTRIAL DEVELOPMENT (SHRI ZIAUR RAHMAN ANSARI)· (a) to (c) Information is being collected and will be laid on the Table of the House

बुरहानपुर तहसील के गांवों में सार्वजनिक टेलीफोन लगाना

2455. श्री गंगाचरण दीक्षित : क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पूर्व निमाड जिले की बुरहानपुर तहसील (मध्य प्रदेश) कितने गांवों ने सार्वजनिक टेलीफोन लगाने के लिए ज्ञापन दिया है तथा उनके क्या नाम हैं ; और

(ख) इस पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है तथा उनकी मांग कब तक पूरी कर दी जाएगी ?

संचार मंत्री (श्री हेमवती नन्दन बहुगुणा) (क) बुरहानपुर तहसील के बहादुरपुर, खाकनार, निम्बोला, लोनी और हैदरपुर नामक पांच गांवों ने सार्वजनिक टेलीफोन घर लगाने के लिए अर्जियां दी थीं ।

(ख) (i) बहादुरपुर में फरवरी, 1973 में सार्वजनिक टेलीफोन घर खोल दिया गया है ।

(ii) लोनी में एक सार्वजनिक टेलीफोन घर खोलने के प्रस्ताव की मंजूरी दी जा चुकी है और आशा है कि यह दिसम्बर 1973 तक खोल दिया जाएगा ।

(iii) खाकनार में प्रस्तावों की जांच की जा रही है ।

(iv) निम्बोला में प्रस्तावों की जांच की जा रही है ।

(v) हैदरपुर में सार्वजनिक टेलीफोन घर लगाने का प्रस्ताव घाटे का है । इसलिए इसे अस्वीकार कर दिया गया है ।

उत्तर प्रदेश के छत्तीसगढ़ और चम्बल क्षेत्र में यातायात के साधनों की कमी

2456. श्री गंगा चरण दीक्षित : क्या योजना मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या मध्य प्रदेश के मुख्य मंत्री ने स्वीकार किया है कि छत्तीसगढ़ और चम्बल